आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त


# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 60 ● कटनी ● रविवार, 3 अप्रेल, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र मास शुक्ल पक्ष-2 ● विक्रम संवत 2079 शके 1935



## लंदन में पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ पर हमला

### अज्ञात व्यक्ति ने फेंका फोन, बॉडीगार्ड घायल

**इस्लामाबाद।** लंदन में रह रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के एक कार्यकर्ता द्वारा हमला किए जाने सूचना है। बताया जा रहा है कि इस हमले में नवाज शरीफ के गार्ड जख्मी हो गए। यूके पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। पाकिस्तान के एक पत्रकार ने जानकारी दी है। पाकिस्तानी पत्रकार के अनुसार पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर वर्तमान पाकिस्तानी पीएम इमरान खान की सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के एक कार्यकर्ता ने लंदन में हमला किया।

## दिल्ली में दरिंदगी



### घर के बाहर सो रही दिव्यांग किशोरी से पड़ोसी ने की हैवानियत, इलाके में तनाव

राजधानी दिल्ली के महेंद्रा पार्क में नाबालिग दिव्यांग किशोरी से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शुक्रवार रात नाबालिग झुग्गी के बाहर सो रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और मौके से फरार हो गया।पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 16 वर्षीय किशोरी अपने परिजनों के साथ सराय पीपल थला इलाके में रहती है।किशोरी चल और बोल नहीं सकती। शुक्रवार रात वह झुग्गी के बाहर चारपाई पर सो रही थी। देर रात पड़ोसी युवक उसके पास आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया।शनिवार सुबह किशोरी की हालत देखकर उसके परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस किशोरी का मेडिकल करवाया। जिसमें उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हो गई। पुलिस मामले की छानबीन शुरू की। किशोरी ने इशारा कर पुलिस को आरोपी के बारे में बताया। घटना के बाद से आरोपी अपने घर से फरार था। पुलिस आरोपी की तलाश की और कुछ ही घंटे में आरोपी को इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के दूसरे समुदाय के होने की वजह घटना के बाद से इलाके में तनाव है। पुलिस एहतियातन इलाके में पुलिस बल को तैनात कर दिया है और मामले की जांच कर रही है।

## मलाइका अरोड़ा का हुआ कार एक्सीडेंट



**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा (Malaika Arora) के फैंस को परेशान करने वाली एक बड़ी खबर आ रही हैं. दरअसल, कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस का कार एक्सीडेंट हो गया है, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. रिपोर्ट्स के अनुसार, मलाइका की कार मुंबई के पास ही स्थित पनवेल इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुई है।मलाइका की आंखों में आई चोटमीडिया रिपोर्ट्स की माने तो गाड़ी चलाते हुए मलाइका के ड्राइवर का बैलेंस बिगड़ गया और उनकी कार तीन अन्य कारों से जा टकराई. खबर है कि मलाइका की आंखों में चोट आई है. एक्सीडेंट के तुरंत बाद ही उन्हें नवी मुंबई में स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### यूक्रेन में भयानक मंजर | बूचा शहर के सामूहिक कब्र में मिले

# 300 से अधिक शव, सड़कों पर बहीं खून की नदियां

**एजेंसी।** यूक्रेन की राजधानी कीव के पास स्थित बूचा शहर से दिल दहला देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं। इनमें से एक तस्वीर में खौफनाक मंजर देखने को मिला है जिसमें कि सामूहिक कब्रों के अंदर कुल 280 आम नागरिकों के शव मिले हैं। इसके अलावा सड़कों पर भी कई लोगों के शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिले। जान गंवाने वाले नागरिक रूसी सैनिकों के हमले के शिकार हुए हैं। हालांकि काफी मशक्कत के बाद ये इलाका दोबारा यूक्रेन के कब्जे में आ गया है।

### जीवित बचे लोगों की तलाश जारी

राज्य आपातकालीन सेवा द्वारा भेजे गए बचाव दल मलबे में जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। लेकिन निराशा हाथ लग रही है। क्योंकि सभी लोगों के शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिल रहे हैं। कुछ इमारतों के मलवे में भी शव तलाशने का काम जारी



है। खोज और बचाव अभियान जारी है। यूक्रेन में मृतकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है।

### शव देख लोगों के बहे आंसू

शवों की तलाशी के दौरान एक आदमी का शव दिखाया जिसके हाथ उसकी पीठ के पीछे बंधे हुए थे, और उसके बगल में एक खुला यूक्रेनी पासपोर्ट था। एक अन्य के सिर में धंसा घाव था।

### यूक्रेन के इरपिन शहर में मिले 650 विस्फोटक

रूस और यूक्रेन में चल रही महाजंग के बीच अभी इरपिन में रूसी सेना की तरफ से कई जगहों पर बम फेंके गए हैं। यूक्रेनी सेना इसे डिफ्यूज करने की तैयारी में लगे हैं।

### रूस ने कर दिया था सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी को नष्ट

एक अप्रैल को मिसाइल हमले के दौरान रूसियों ने क्रेमेनचुक में यूक्रेन की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी को नष्ट कर दिया। रूस लविवि और निप्रो सहित देश भर के तेल डिपो पर लक्षित हमले करता रहा है।

## बालाघाट MLA के छोटे भाई का दामाद अस्पताल से कूदा

**बालाघाट।** पूर्व मंत्री और बालाघाट के वर्तमान विधायक गौरीशंकर बिसेन के छोटे भाई के डॉक्टर दामाद ने मंडीदीप के दो मंजिला अस्पताल की छत से कूदकर खुदकुशी का प्रयास किया। ऊंचाई से गिरने के कारण उनकी सर्विकल बोन (गर्दन की हड्डी) टूट गई। फिलहाल, वे भोपाल के नर्मदा अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। खुदकुशी करने के प्रयास के पीछे के कारणों का अभी पता नहीं चला है।



### मंडीदीप के अस्पताल से कूदे

मूलत: बालाघाट के रहने वाले डॉ. चंद्रशेखर परधज भोपाल के आशिमा मॉल के पास रहते हैं। रविवार दोपहर करीब 11 बजे मंडीदीप के आरोग्य अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अभिजीत पटेल से मिलने उनके अस्पताल पहुंचे। करीब डे? घंटे तक डॉ. पटेल के केबिन के बाहर बैठने के बाद दोपहर करीब साढ़े 12 बजे डॉ. चंद्रशेखर ने अस्पताल की छत से छलांग लगा दी। इसके बाद दोपहर सवा एक बजे उन्हें भोपाल की अरेरा कॉलोनी के नर्मदा अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉ. चंद्रशेखर परधज को गंभीर चौटें आई हैं। उनकी सर्विकल बोन टूट चुकी है।

### अस्पताल जाने के कारण का खुलासा नहीं

मंडीदीप के आरोग्य अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अभिजीत पटेल के मुताबिक उन्हें डॉ. चंद्रशेखर परधज के अस्पताल आने का कारण नहीं पता। उनसे मुलाकात होने से पहले ही डॉ. चंद्रशेखर ने अस्पताल की छत से छलांग लगा दी थी। बता दें कि डॉ चंद्रशेखर परधज ने डॉ. पटेल से मिलने के लिए करीब डेढ़ घंटे तक का लंबा इंतजार किया।



## अगले 3 दिनों तक इन राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

**एजेंसी।** देश के कई राज्यों में मार्च के महीने में ही लोगों को जून-जुलाई जैसी गर्मी का एहसास होने लगा। 121 साल के बाद सबसे गर्म मार्च देखा गया। अप्रैल में पारा और ऊपर चढ़ने लगा है। मौसम विभाग ने उत्तर भारत समेत देश के कई राज्यों में भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की है। हालांकि कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां लगातार तीन दिनों तक भारी बारिश की संभावना जताई गई है। बिहार, यूपी, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू और हिमाचल प्रदेश सहित उत्तर भारत के कई इलाकों में लू चलने की संभावना है। विदर्भ और गुजरात में भी पारा ऊपर चढ़ेगा। दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान के कुछ हिस्सों, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति बनी रहेगी।मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से तेज दक्षिण-पश्चिमी हवाएं अगले पांच दिनों तक अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश का कारण बनेंगी।

# गाजियाबाद की बैंक में 6 मिनट में 12 लाख लूटे

### PNB में हेलमेट पहनकर 4 बदमाश घुसे

**एजेंसी।** यूपी के गाजियाबाद से बड़ी खबर है। यहां शनिवार दोपहर पंजाब नेशनल बैंक में लूट की वारदात हुई। हथियार लेकर बैंक में घुसे 4 बदमाशों ने बैंक कर्मचारियों को गन प्वाइंट पर लेकर 12 लाख रुपए लूट लिए। वारदात के वक्त बैंक में सिक्योरिटी गार्ड नहीं था। इस वारदात को बदमाशों ने सिर्फ 6 मिनट में अंजाम दिया। इसके बाद बाइक से भाग गए। वारदात नंद्रग्राम थाना क्षेत्र के नूरनगर स्थित पीएनबी ब्रांच की है।दो बजे की वारदात, दो बाइक पर आए थे बदमाश नूरनगर में तीन मंजिला एक बिल्डिंग के



कर्मचारियों को गन प्वाइंट पर लिया

फर्स्ट फ्लोर पर पीएनबी की ब्रांच है। वारदात के समय बैंक में सिर्फ तीन बैंक कर्मी थे, अन्य कर्मचारी लंच पर गए थे। दोपहर करीब दो बजे दो बाइक पर चार बदमाश बैंक पहुंचे और अंदर घुस गए। उस वक्त कैशियर अपना केबिन छो?कर दूसरी तरफ गया हुआ था। सारा कैश काउंटर पर ही बैग में रखा था। बदमाश अंदर आए और उन्होंने कर्मचारियों पर पिस्टल तान दी। एकाएक हुई इस घटना से कर्मचारी डर गए।बैंक कर्मी कुछ समझ पाते इससे पहले ही बदमाशों ने हथियार दिखाकर काउंटर से सारा कैश समेट लिया। इसके बाद बदमाश आसानी से फरार हो गए। बदमाश के जाने के बाद कर्मचारियों ने शोर मचाया और पुलिस को जानकारी दी। जब तक आसपास के लोग पहुंचे तब तक बदमाश भाग चुके थे।



## अडाणी बने एशिया के सबसे अमीर शख्स

### मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा

**एजेंसी।** अडाणी रुप के मालिक गौतम अडाणी देश के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार उनकी नेटवर्थ 100 अरब डॉलर हो गई। इसके साथ ही वे एशिया के सबसे अमीर शख्स हो गए। अभी तक रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL) के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर शख्स थे।

## बंगाल में फिर मिले कंगारू

## जलपाईगुड़ी में वन विभाग ने 3 कंगारू रेस्क्यू किए, एक की मौत

**एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में वन विभाग ने तस्करी कर लाए जा रहे 3 कंगारुओं का रेस्क्यू किया है, जबकि रेस्क्यू के दौरान एक कंगारू की मौत हो गई। तीनों कंगारुओं को एनिमल हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। वन विभाग पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### गांव वालों ने दी तस्करी की सूचना

शुक्रवार देर रात स्कॉर्पियों से तस्कर दो कंगारू ले जा रहे थे। इसकी भनक गांव वालों को लगी, जिसके बाद उन लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग एक्टिव हुआ और रेस्क्यू में जुट गया। हालांकि, तस्कर भागने में कामयाब रहा। बैकंठपुर के रेंज अधिकारी संजय कुमार दत्ता



ने बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली कि कंगारुओं की तस्करी की जा रही है, जिसके हमने सभी जगहों पर फोर्स तैनात किए। रेस्क्यू के दौरान दो कंगारू स्कॉर्पियो से और दो खेत में मिले। हम मामले की जांच कर रहे हैं कि आखिर यह कहां से आया।

### 13 मार्च को भी जलपाईगुड़ी में कंगारू पकड़ाया था

जलपाईगुड़ी में इससे पहले इसी माह 13 मार्च को वन विभाग की टीम ने एक कंगारू को पकड़ा था। पुलिस ने कंगारू के साथ ही दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया था। तस्करों ने पूछताछ के दौरान बताया था कि गुवाहाटी से हैदराबाद के लिए कंगारू ले जाया जा रहा था।

### ऑस्ट्रेलियन कंगारू कैसे आ रहा भारत, होगी जांच

बांग्लादेश बॉर्डर पर लगातार ऑस्ट्रेलियन कंगारुओंकी तस्करी से वन विभाग की टीम हैरत में है। विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि हम जांच कर रहे हैं कि ये कंगारू कहां से आ रहे हैं? साथ ही भारत में इसको लाने का मकसद क्या है।

### करौली में उपद्रव के बाद तनाव की स्थिति

## आज रात 12 बजे तक रहेगी नेटबंदी

**एजेंसी।** राजस्थान के करौली शहर में चैत्र नवरात्र के पहले दिन शनिवार को हिंदू संगठनों की ओर से निकाली जा रही बाइक रैली पर पथराव हो गया। पथराव कर रहे लोगों ने छह से ज्यादा दुकानों में आग लगा दी, साथ ही दो बाइक को भी जला दिया। तनाव की स्थिति को देखते हुए शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है। जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने 3 अप्रैल रात 12 बजे तक जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद करने के आदेश जारी कर दिए। कलेक्टर ने कहा- स्क्क ने तनाव के बाद सोशल मीडिया पर अफवाह फैलने से माहौल बिग ?ने की आशंका जताई थी। SP शैलेंद्र सिंह इंदौलिया ने बताया कि नव नवसंत्सर के मौके पर हिंदू संगठनों की ओर से बाइक रैली निकाली जा रही थी। रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जैसे ही हटवा ?ा बाजार में पहुंची।

### कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने राज्यसभा में कहा सुरक्षा और कानून बनाया जाए

# कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास का बिल राज्यसभा में पेश

**नई दिल्ली। कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास का बिल शुक्रवार को राज्यसभा में पेश किया गया। कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने यह विधेयक पेश किया। इस निजी विधेयक में कश्मीरी पंडितों को घाटी में दोबारा बसाने और उनकी सुरक्षा के लिए कानून बनाने की बात कही गई है।**

निजी विधेयक के मुताबिक सबसे पहले केंद्र सरकार को एक एडवायजरी समिति बनानी चाहिए। इसमें कश्मीरी पंडितों के प्रतिनिधि होना चाहिए। इसमें कश्मीर में रहने वाले गैर कश्मीरी पंडितों को भी शामिल करें, जो अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं। इस समिति को अधिक अधिकार दें, जो कश्मीरी पंडितों की दुनिया दोबारा से बसाने के लिए अच्छे से काम कर सके। बिल केंद्र सरकार को कश्मीरी पंडित समुदाय के 21 प्रतिनिधियों की एक सलाहकार समिति गठित करने का प्रस्ताव करता है, जिसमें ग्लोबल कश्मीरी पंडित डायस्पोरा (जीकेपीडी) से कम से कम तीन सदस्य होंगे, जिनमें से कम से कम एक महिला होगी; कश्मीर घाटी से गैर-कश्मीरी पंडित अल्पसंख्यकों के दो प्रतिनिधि और यह प्रावधान करना कि सलाहकार समिति की कुल सदस्यता में से कम से कम 25 प्रतिशत, लेकिन 50 प्रतिशत से अधिक सदस्य महिलाएं नहीं होंगी। मसौदा विधेयक में कहा गया है, सलाहकार समिति के पास ऐसी पर्याप्त शक्तियां होंगी, जो निर्धारित की जा सकती हैं, ताकि वह कश्मीरी पंडित समुदाय के सर्वोत्तम हित का प्रभावी ढंग से प्रतिनिधित्व करने में सक्षम हो सके, जैसा कि जीकेपीडी की एकीकृत घोषणा में प्रधानमंत्री को वापसी, पुनर्वास के अधिकार पर जोर देने के लिए कहा गया है और बहाली और तदनुसार सरकार को सलाह दें। विधेयक में यह भी कहा गया है कि सरकार, सलाहकार समिति के परामर्श से, कश्मीरी पंडितों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की वापसी पर विकास और स्थिरता के अवसरों का पता लगाने के लिए आर्थिक न्याय, समृद्धि और सुरक्षा का वातावरण स्थापित करने के लिए आवश्यक उपाय करेगी।



### काशी पहुंचे नेपाल के प्रधानमंत्री

## एयरपोर्ट से शहर के रास्ते जगह-जगह हुआ स्वागत

**एजेंसी।** नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा देउबा वाराणसी पहुंच गए हैं। उनके साथ 40 सदस्यीय दल भी आया है। वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनके डेलिगेशन का स्वागत ष्टरू योगी आदित्यनाथ ने किया। अब वे शहर के लिए निकले हैं।एयरपोर्ट से शहर की ओर जाने पर नेपाल के प्रधानमंत्री का जगह-जगह स्वागत हो रहा है। आगमन को लेकर सुबह से ही लोकनृत्य और संगीत हो रहा है। अब वह काशी विश्वनाथ और बाबा कालभैरव मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे।वाराणसी में देउबा के पहुंचने से पहले ही मयूर नृत्य, दीवारी, पाईडंडा लोकनृत्य शुरू हो गया है। वहीं, सरायकाजी बस स्टैंड पर सोनभद्र के आदिवासी लोकनृत्य का प्रदर्शन किया जा रहा है। तरना स्थित सेठ जयपुरिया स्कूल के गेट पर नटवरी लोक नृत्य, संत अतुलानंद तिराहा पर सोनभद्र का ही आदिवासी नृत्य, सर्किट हाउस पर बुंदेलखंड का राई नृत्य, पुलिस लाइन चौराहा पर अवध का धोबिया और पूर्वांचल का फरुवाही लोक नृत्य हो रहा है।



# माता विरासन देती थी जरूरत पर कर्ज, वर्षों तक हुई चमत्कारिक घटना

## कटनी की ढीमरखेड़ा तहसील के सिलौड़ी से पांच किलोमीटर दूर है कल्चुरीकालीन विरासन देवी का मंदिर

नवरात्र विशेष



**कटनी।** नवरात्र पर्व पर कटनी जिले की देवी मढ़िया उसके महत्व से आपको अवगत कराने की श्रंखला में आज यशभारत कटनी के ढीमरखेड़ा की विरासन माता मंदिर है इस मंदिर के बारे में जो जानकारी प्राप्त हुई उससे इस मंदिर का महात्म काफी बढ़ जाता है। फिलहाल ढीमरखेड़ा उमरियापान से सिलौड़ी सिहोरा स्लीमनाबाद से लेकर दूर दराज के जिलों तक इसकी ख्याति निरंतर फैल रही है। गत दिनों यहा विशाल धार्मिक आयोजन हुआ था जिसमें प्रसिद्ध देवी जागरण गायक शहनाज अखतर ने प्रस्तुति दी थी हजारों लोगों की उपस्थिति में यहां संतो के समागम विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था।

### कलचुरी कालीन इतिहास रहा इस प्रतिमा का

यहां के निवासी तथा माता के भक्त समाजसेवी डॉ प्रशांत राय ने माता रानी की महिमा के संबंध में बताया की पाली में विराजमान 24 भुजी विरासन माता रानी का मंदिर प्रसिद्ध है बिरसिंहपुर पाली की प्रतिमा अष्टभुजी है। इसी तरह यह प्रतिमा भी ठीक उसी तर्ज पर दिखती है। जिसकी विरासत कल्चुरीकालीन बताई जाती है। ग्रामीणों तथा उत्साही लोगों के सहयोग से मंदिर में कई विकास कार्य कराए गये हैं। रोजाना सैकड़ों लोग विरासन देवी के मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं यह प्रतिमा सिलौड़ी गांव से करीब 5 किलोमीटर दूर है।

### मुगल शासन में खंडित होने के भय से छिपाई गई होगी प्रतिमा

बताया जाता है कि मुगल शासन काल के दौरान मूर्तियों को खंडित करने जब आक्रमाणकारी यहां आये तो तब के शासकों अथवा ग्रामीणों ने इस प्रतिमा को संभवतः जमीन में दफन कर दिया था। इसे बाद सदियों बीत गईं बाद में कोई संत यहां पर आकर रहने लगे जिन्हे इस प्रतिमा को कुछ झलक दिखाई दी तब उन्होंने यहां प्रतिमा को स्थापित कराया और धीरे धीरे यह क्षेत्र विरासन देवी की कृपा के लिए ख्यातिलब्ध हुआ।

### एक हजार साल पुराना इतिहास

विराजित प्रतिमा अपने आप में अद्भुत है। मंदिर का इतिहास लगभग एक हजार साल पुराना बताया जाता है। सिलौंडी से 5 किमी. जंगल में स्थित मंदिर में माता के दर्शन करने कई जिलों से लोग आते हैं। इस स्थान पर कलेक्टर ने 2016 में एक कमेटी बना दी थी जिसके जिम्मे यहां का रखरखाव है। डॉ प्रशांत राय बताते हैं कि भव्य मंदिर के आसपास खुदाई में पुराना कुआं व मंदिर के अवशेष भी निकले थे। यहां को लेकर यह भी मान्यता है की पूर्व में माता लोगों को पैसा प्रदान करती थी लेकिन कम पूरा होने के बाद अतिरिक्त पैसे रखकर लोगों को वापस करना होता था। कई वर्षों तक इस अजीबोगरीब घटना के बारे में लोग बताते हैं। अर्थात यहां पर अगर किसी को किसी पारिवारिक कार्य के लिए पैसे की आवश्यकता होती थी तो वह मंदिर में आकर माता से विनती करता था दूसरे दिन उसे मंदिर में चमत्कारिक ढंग से पैसा मिल जाता था लेकिन इस पैसे को कार्य के पश्चात पुनः मंदिर को वापस करना पड़ता था। मंदिर में फिलहाल ओंकार सोनी, आर.के. तिवारी, मोती हल्दकार, विनोद बागड़ी आदि जन देखरेख की व्यवस्था में जुटे हैं। इस मंदिर की में सभी मनोकामना माता विरासन पूरी करतीं हैं ऐसी मान्यता है।



# चेट्रीचंड्र : भव्य शोभायात्रा में गूंजा आयोलाल झूलेलाल







**कटनी।** चेट्रीचंड्र के अवसर पर बरही रोड स्थित झूलेलाल मंदिर नई बस्ती स्थित सिंधू नौजवान मंडल के नवनिर्माणाधीन भवन में जल देव अवतार भगवान झूलेलाल का पूजन अभिषेक किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। चेट्रीचंड दिवस पर मंदिरों में समाजजनों की सपरिवार उपस्थिति रही। चेट्रीचंड दिवस पर गुरुनानक व्यापारी संघ बरही रोड स्थित झूलेलाल मंदिर, माधवनगर स्थित झूलेलाल मंदिर के साथ ही एमईएस कॉलोनी, शांतिनगर, गोरी शंकर मंदिर, कैम्प में जगह-जगह आम भंडारे का आयोजन श्रद्धालुओं एवं युवा वर्ग द्वारा आयोजित किया गया।

### शोभयात्रा का जगह-जगह स्वागत

इनकी रही उपस्थिति- शोभयात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा भगवान का पूजन कर शोभायात्रा में शमिल समाजजनों का स्वागत किया। चेटीचंड दिवस की खुशी में लोग धार्मिक धुनों में झूमते नजर आए। शोभयात्रा में मिथलेश जैन, गंगाराम कटारिया, पीतांबर टोपलानी, सत्यनारायण अग्रहरि, जाडामल मटानी, शंशाक श्रीवास्तव, मोसूफ अहमद विद्यु, मोहन बतरा, राजकुमार जानकाजी. रवि पृथ्यानी, राजकुमार गोहानी, राजेश रोहरा, सुरेश चावला, सुनील पृथ्यानी, विजय मूलचंदानी, सचिन खूबचंदानी विजय रोहरा, संजय खूबचदानी, राजेश खूबदानी रूपेश खूबचंदानी सतराम दास सुंदरानी, नेवन्द खूबचंदानी, सुशील जसुजा, चीनी लानी, राजा जगवानी, सोनू नागवानी, प्रकात पंजवानी, भागचंद नोतवानी, राजेश वनवारी, अमर पुरुषवानी, सुरेश गांधी, सुनील हसीजा, अमर जेतवानी के साथ ही समाजजनों की उपस्थिति रही। मेन रोड में हार्डवेयर एसोशिएशन के विजय तनवानी, पीतांबर तोतलानी, संदीप बल्लाजानी, शंकर, उमेश, रामू ऊथ्यानी, राजेश पंजवानी, विशी मंगलानी मनीष पंजवानी, विक्की मोटवानी, रवि तोलानानी, रोशन सचदेवा, अंचल, राजू, सुमित रूपेत खूपचदानी द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

### कार्यक्रमों के साथ पवित्र ज्योति का विसर्जन

शनिवार शाम शहर एवं उपनगरीय क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों से भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली गई। जो प्रमुख मार्गों से भ्रमण कर मंदिर परिसर पहुंची। जहां सरोवर में सर्वत्र भले की अरदास के बाद दीपदान किया गया। झूलेलाल मंदिर नई बस्ती में सिंधु नौजवान मंडल द्वारा भगवान का अभिषेक करने के बाद छप्पन भेग अर्पित किए गए। मंदिर से निकली शोभायात्रा में भगवान श्री झूलेलाल की आकर्षक झांकी उनयनाभिराम रही। इसी तरह माधवनगर स्थित झूलेलाल मंदिर में भगवान झूलेलाल मंदिर के साथ मंदिर में विराजी मां दआदिशक्ति , राधा कृष्ण एवं अन्य मूर्तियों का अभिषेक पूजन विधि विधान से हुआ। झूलेलाल मंदिर गुरुनानक वार्ड में जनेऊ संस्कार व बहराणे साहब की पूजा अर्चना की गई। शाम को मंदिर से एक शोभायात्रा निकाली गई। जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मसुरहा घाट कटनी नदी पहुंची। जहां विधि विधान से पवित्र ज्येति का विसर्जन किया गया। सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया

### गहोई वैश्य महासम्मेलन इकाई ने किया प्रसाद वितरण

वैश्य दिवस हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि का भव्य कार्यक्रम सभी इकाइयों के साथ मिलकर श्री आदिशक्ति मां दुर्गा मंदिर आजाद चौक में दिनांक 2/4/2022 दिन द्रुशनिवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री दुर्गाचालिसा का पाठ, साधना तपा एवं उनकी मंडली के द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई,आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में सुरेश सोनी ,दयाशंकर कनकने , डा.अशोक चौदह, रामदयाल गुप्ता,बालमुकुंद गुप्ता,मनीष त्रिसोल्या,सचिन बहरे ,हजारी नौगरहिया, दिलबहार गुप्ता, नरेंद्र खंताल,विनय कंदेले,हितेश बिलैया , रजत जैन,अंशुल बहरे,अग्रज लहरिया,मोहित बहरे,चंचल कनकने ,सुधीर पुरवार जी, संजय सोनी जी, गोपाल सिंघानिया, सत्यनारायण अग्रहरी, राजकुमार गंधी, प्रदीप नौगरहिया, विनोद बिचपुरिया, श्रीमति सीमा जैन,जयंती खंताल, उषा नौगरहिया, विभा कंदेले, सीमू गंधी ,मीना सुहाने, सुमन बरसैया जी, रजनी बिलैया, मीना सरावगी, कीर्ति गुप्ता,सारिका गुप्ता, अनीता वैश्य, राधा गुप्ता, आभा नौगरहिया, आशा सेठ, योगिता त्रिसोल्या, रीता बिचपुरियाजी, अंशु कनकने जी आदि की उपस्थिति रही।

## डकैती की योजना बनाते 6 गिरफतार

### देशी कट्टा, कारतूस व चाकू बरामद

**कटनी।** कुठला पुलिस ने डकैती की योजना बनाते आधा दर्जन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक खाली कारतूस व दो चाकू सहित अन्य असलहा बरामद किया गया है। हालांकि अभी इस बात का पता नहीं चल सका है कि अपराधी एकत्रित होकर किसके यहां डकैती योजना बना रहे थे। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

## मई-जून की गर्मी जैसे झुलसे लोग

### सामान्य से 6.5 डिग्री अधिक चल रहा तापमान



**कटनी।** इस बारिश का न होना बड़ा घातक साबित हो रहा है। मार्च माह में ही गर्मी का का खासा अहसास होने लगा था तो वहीं अप्रैल भी झुलसाने लगा है। हैरानी की बात तो है कि पिछले कई वर्षों की तुलना में जिले का तापमान सामान्य से ज्यादा अधिक बढ़ा है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार व शनिवार अभी तक सबसे गर्म दिन दर्ज किए गए। मौसम मापी केंद्र में दिन का सर्वाधिक तापमान 42.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया तो वहीं रात का तापमान 22.04 डिग्री रहा। गौरतलब है कि जिले में अप्रैल के दिनों में औसतन तापमान 36.5 डिग्री के आसपास रहता है जो इसके काफी ऊपर चला गया है। अधिकतम तापमान 6.05 डिग्री ऊपर चला गया है तो वहीं न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी हुई है। 19.03 डिग्री के पास रहने वाला तापमान 22.08 डिग्री पहुंच रहा है। अभी और भी गर्मी बढ़ने की संभावना है। विभाग के अनुसार 18 प्रतिशत सुबह के समय आद्रता रिकॉर्ड की गई है जबकि इसका स्तर 40 प्रतिशत के आसपास होना चाहिए। नमी न होने के कारण यह स्थिति बन रही है। बारिश न होना मुख्य वजह है।

### चलने लगी झुलसाने वाली पूर्वाई

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम से पूर्व की ओर हवा चल रही है। हवा की दिशा पश्चिम से आने के कारण तापमान 42 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। पूर्वी और पश्चिमी मध्यप्रदेश के साथ जबलपुर, दमोह, सागर, रीवा, सिंगरौली, सीधी, कटनी, पन्ना आदि जिलों को यलो जोन में रखा गया है। औसत डिग्री से 6 डिग्री से अधिक होने के कारण यलो में रखा गया है। मौसम विभाग के अनुसार दोपहर 12 बजे से तीन के बीच में सीधे धूप में संपर्क में न आएं, जिन किसानों को सिंचाई करना है तो वे या तो रात में करें या फिर सुबह-सुबह कर लें, दोपहर के समय न करें। बच्चों को धूप से बचाना अत्यंत आवश्यक है।

## यातायात प्रभारी से अनबन के चलते हटाए गए दो एएसआई

**कटनी।** पुलिस विभाग के यातायात मोहकमें में पिछले कुछ दिनों से सब कुछ ठिकठाक नहीं चल रहा है। कई गुटों में बटी यातायात पुलिस के कारण शहर की यातायात व्यवस्था भी पटरी पर नहीं आ रही है। जिसका खामियाजा शहर के लोग शहर के प्रमुख मार्गों सहित गली-गली जाम के रूप में भुगत रहे हैं। वहीं यातायात पुलिस में गुटबंदी के कारण जी तोड़ मेहनत करने के बावजूद दो एएसआई शशिभूषण दुबे व मनीष बर्मन को हटा दिया गया। सूत्रों की माने तो दोनों एएसआई शहर की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने जी तोड़ मेहनत के अलावा विभाग से मिले टारगेट को पूरा करने का भरसक प्रयास करते थे लेकिन दोनों की पटरी यातायात प्रभारी सूबेदार विनोद दुबे से नहीं बैठ पा रही थी। बताया जाता है कि यातायात प्रभारी ने अपनी पहुंच पकड़कर फायदा उठाते हुए पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के कान भरे और इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने भी दोनों एएसआई की कार्यशैली पर ध्यान न देते हुए दोनों को यातायात पुलिस से ही अलग करने का फरमान सुना दिया। सहायक उपनिरीक्षक शशिभूषण दुबे को कोतवाली और मनीष बर्मन को झिंझरी पुलिस चौकी में पदस्थ कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा मेहनतकश पुलिसकर्मियों को सिर्फ यातायात प्रभारी की नाराजगी के चलते हटाए जाने के कारण यातायात पुलिस में पदस्थ दूसरे पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों में भी रोष है।

## नीलिमा ❤ से

### ऐ दिल

मुस्कराता चल ऐ दिल
मन की व्यथा मन में छुपाकर
तन के शूल फूल बनाकर
बुझता दीपक फिर जलाकर
अश्रु को मुस्कान बनाकर
मुस्कराता चल ऐ दिल
मन की व्यथा मन में छुपाकर

साँसों की वीणा के टूटे तार बजाकर
पतझड़ में भी फूल खिलाकर
तूफानों के वेग में बहकर
मुस्कराता चल ऐ दिल
मन की व्यथा मन में छुपाकर


अंधकार सी रात बिताकर
मौन पलकों के मोती छलका कर
अबोध मन में नये अरमान जगाकर
मुस्कराता चल ऐ दिल
मन की व्यथा मन में छुपाकर

मायूसी के रेगिस्तान हटाकर
रीते मन में अहसास जगाकर
रंग दे जिंदगी को ख्वाब सजाकर
मुस्कराता चल ऐ दिल
मन की व्यथा मन में छुपाकर !!!!

- नीलिमा पाठक सामंतरे

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 4 शो ता. 01 से
12, 3.30, 7 एवं रात्रि 9 बजे से


RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 01 से
12.45, 3, एवं सायं 6 बजे से


ATTACK (हिंदी में)
कलाकार- जॉन अब्राहम, रकुलप्रीत सिंह, प्रकाश राज, किरन कुमार आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 01 से
सुबह 10 एवं रात्रि 10 बजे से


MORBIOUS (हिंदी में)
कलाकार- माईकल कीटन, मैट स्मिथ, कोरे जॉनसन, चार्ली शाटवेल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में


शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 25 से
11.45, 3 एवं 6.15 बजे से
RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 03 अप्रैल 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## सभास्थल व हेलीपेड का कलेक्टर ने लिया जायजा

### 7 अप्रैल को संभावित है मुख्यमंत्री का आगमन





**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के स्लीमनाबाद के संभावित कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शनिवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के साथ सभा स्थल, हेलीपेड व नर्मदा नहर टनल निर्माण स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखीं और आवश्यक निर्देश दिए। शनिवार की दोपहर को स्लीमनाबाद के असाटी मैरिज गार्डन के पीछे स्थित मैदान का निरीक्षण कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों के साथ किया। जहां पर मुख्यमंत्री की सभा का आयोजन किया जाना है।

कलेक्टर श्री मिश्रा व पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने सभा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, बैठक, पार्किंग आदि को लेकर स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सभा स्थल पहुंचने के मुख्य मार्ग व वैकल्पिक मार्ग को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश प्रदान किए। सभा स्थल के पास ही विभिन्न योजनाओं के स्टॉल, समस्या निवारण शिविर आदि लगाने को लेकर भी कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सलैया फाटक के खेल मैदान में हेलीपेड निर्माण स्थल का भी भ्रमण किया। उन्होंने हेलीपेड में सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही टनल निर्माण स्थल तक जाने और उसके बाद सभा स्थल तक मुख्यमंत्री श्री चौहान के पहुंचने के मार्ग की जानकारी भी अधिकारियों से ली। हेलीपेड में उतरने से लेकर सभा स्थल व टनल के निरीक्षण के दौरान आम यातायात को दूसरे मार्ग से निकालने की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन अधिकारियों ने किया। सलैया फाटक के पास हो रहे टनल के निर्माण का भी मुख्यमंत्री श्री चौहान निरीक्षण कर सकते हैं और इसको लेकर भी कलेक्टर श्री मिश्रा व पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने स्थल का निरीक्षण किया। टनल निर्माण निरीक्षण व बैठक के लिए स्थलों का अवलोकन अधिकारियों ने किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, सहायक कलेक्टर अंजली रमेश, एएसपी मनोज केडिया, एसडीएम संघमित्रा गौतम, डीएसपी मोनिका तिवारी, सीईओ जनपद पंचायत मीना कश्यप, थाना प्रभारी संजय दुबे सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



**पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के साथ नर्मदा नहर टनल निर्माण स्थल भ्रमण**

## सीसीटीवी कैमरों से लैस हुए कटनी व मुड़वारा स्टेशन

### पमरे ने 26 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर लगाए 720 सीसीटीवी कैमरे

**कटनी।** पश्चिम मध्य रेलवे के कटनी जंक्शन व कटनी मुड़वारा सहित 26 प्रमुख रेल स्टेशनों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी शुरू कर दी गई है। सभी रेलवे स्टेशनों पर आईपी आधारित सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। यात्रियों विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की संरक्षा और सुरक्षा की ओर अधिक ध्यान देते हुए इस परियोजना को तीव्र गति से विस्तारित किया जा रहा है। इसी परियोजना के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के कटनी जंक्शन व कटनी मुड़वारा सहित 26 प्रमुख स्टेशनों पर 710 आईपी आधारित सीसीटीवी कैमरे और 10 नॉन-आईपी आधारित सीसीटीवी कैमरे सहित कुल 720 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि रेलवे परिसरों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए स्टेशनों के सीसीटीवी कैमरों और वीडियो फीड की निगरानी 3 स्तरों पर की जा रही है। प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर केंद्रीकृत नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। ये केंद्रीकृत नियंत्रण कक्ष संबंधित स्टेशनों पर सीसीटीवी से वीडियो फीड प्रदर्शित कर रहे हैं। कैमरे, सर्वर, यूपीएस और स्विचों की निगरानी के लिए नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली भी उपलब्ध करायी गई है। जिसे अधिकृत कार्मिक द्वारा किसी भी वेब ब्राउजर से देखा जा सकता है। रेलवे इस परियोजना के अंतर्गत आने वाले दिनों में सभी श्रेणी के रेलवे स्टेशनों में सीसीटीवी कैमरे लगाएगा। इन सीसीटीवी को ऑप्टिकल फाइबर केबल पर नेटवर्क किया जा रहा है और सीसीटीवी कैमरों की वीडियो फीड न केवल स्थानीय आरपीएफ पोस्ट पर बल्कि मंडल स्तर पर एक केंद्रीकृत सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष में भी प्रदर्शित की जा रही। इससे सुरक्षा में सुधार के लिए आरपीएफ अधिकारियों को अतिरिक्त सहयोग मिलेगा। सीसीटीवी कैमरों से प्राप्त होने वाली वीडियो फीड की रिकॉर्डिंग 30 दिनों के लिए स्टोर की जाएगी।



### इन स्टेशनों पर लगे कैमरे

जबलपुर रेल मंडल के कटनी जंक्शन व कटनी मुड़वारा सहित 11 प्रमुख स्टेशनों में 255 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिनमें कटनी जंक्शन पर 15, कटनी मुड़वारा स्टेशन पर 04, जबलपुर स्टेशन पर 52, मदनमहल स्टेशन पर 34, सागर स्टेशन पर 15, दमोह स्टेशन पर 15, सतना स्टेशन पर 15, मैहर स्टेशन पर 32, पिपरिया स्टेशन पर 40, रीवा स्टेशन पर 31, नरसिंहपुर स्टेशन पर 02 आईपी आधारित सीसीटीवी कैमरे और मदनमहल स्टेशन पर 04 नॉन-आईपी आधारित सीसीटीवी कैमरे स्थापित गए हैं।

## सेवानिवृत्ति पर एएसआई को दी विदाई



**कटनी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय कटनी में सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने सहायक उपनिरीक्षक दुर्गादत्त मिश्रा को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, रक्षित निरीक्षक लवली सोनी, कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे, बिलहरी पुलिस चौकी प्रभारी के.के.पटेल सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।**

## लीफ ब्लोअर मशीन से आग पर पाया गया काबू

### रीठी के जंगल में आठ दिन से धधक रही थी आग



**कटनी।** बीते आठ दिनों से रीठी के जंगल में धधक रही भीषण आग पर शनिवार को लीफ ब्लोअर मशीन से काबू पाया लिया गया। शनिवार को भी दिनभर वन विभाग की टीम आठवें दिन आग पर काबू पाने मशक्कत करती है, जिसके बाद शाम सात बजे के करीब लीफ ब्लोअर मशीन के सहारे वन अमले को सफलता मिल पाई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीते आठ दिनों से कटनी जिले के रीठी वन मंडल अंतर्गत क्षेत्र के जंगलों में बेकाबू भीषण आग लगी हुई थी। रीठी के जंगल में कोसों दूर से भी भीषण आग का मंजर दिखाई पड़ रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि असामाजिक तत्वों द्वारा यदि दोबारा अब आगामी भीषण गर्मियों के समय जंगलों में आगजनी की घटना को अंजाम न दिया जाए तो हद तक जंगल बच सकता है। रीठी के वन परिक्षेत्र अधिकारी बहादुर सिंह ने बताया कि कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार को रीठी के जंगल में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। लीफ ब्लोअर मशीन अपने प्रेसर से आग लगे हुए स्थान के आसपास से सूखे पत्तों को हटा देती है। जिससे आग फैल नहीं पाती और सफलता पूर्वक जंगल में लगी भीषण आग से काबू पा लिया जाता है।



## 11 एकड़ राजस्व भूमि से हटाया कब्जा

**कटनी/रीठी।** ग्राम खम्हरिया बाकल स्थित शासकीय भूमि से प्रशासन ने आज अवैध कब्जा हटवा दिया। बताया जाता है कि खसरा नम्बर 20/1 रकवा 40.11 हेक्ट में से 4.40 हेक्टेयर भूमि जो कि शासकीय नर्सरी में स्थित है, उसमें बड़ी संख्या में वृक्षों को नष्ट कर दिया गया था। ग्राम खम्हरिया बाकल में अतिक्रमणकर्ता ब्रजकिशोर पटेल उर्फ भंजू वगैरह ने शासन द्वारा लगाए गए हज़ारों वृक्षों को नष्ट करके 11 एकड़ शासकीय भूमि पर अवैध अतिमक्रमण कर रखा था। अनावेदकों के विरुद्ध न्यायालय में अवैध अतिक्रमण संबंधी प्रकरण चला था जिसमें बेदखली आदेश पारित किया गया था। कब्जा हटाने में बाकल नायब तहसीलदार ऋषि गौतम की प्रमुख भूमिका रही।

## उमरियापान में चैत्र नवरात्रि में महाकाली की हुई स्थापना

### पहली बार मिल रहा मां काली के दर्शनों का सौभाग्य

**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर महाकाली की भव्य प्रतिमा की स्थापना पंडितों द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर कराई गई। जानकारी के अनुसार जगत जननी माँ भवानी के चैत्र नवरात्रि में नगर में पहली बार काली माँ की स्थापना हुई है। नगर की साप्ताहिक बाजार रोड़ के हनुमान मंदिर के बाजू में बालाजी उत्सव समिति द्वारा कल शनिवार को शाम 7 बजे भव्य प्रतिमा की स्थापना कराई गई है। इस दौरान काली माँ के जयघोष जमकर गूंजे। आरती होने के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर माताएं, बहिनें, युवा, बुजुर्ग श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही है।



### मातारानी को जल ढारने महिलाओं का लग रहा तांता

नगर के प्राचीन बड़ी माई मंदिर में चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होते ही अल सुबह से ही माताएं, बहिनें, युवा, बुजुर्ग बड़ी संख्या में मातारानी को जल ढारने एवं पूजा अर्चना करने श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। इसी तरह आस पास के ग्राम पचपेढ़ी, पकरिया, घुघरी, हरदी, परसवारा, बम्हनी, महनेर सहित पूरे क्षेत्र में नव दिवसीय चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर मातारानी की पूजा अर्चना करने में श्रद्धालुगण लीन गए हैं।

## वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, डेढ़ लाख रूपए कीमती चोरी की तीन बाइक बरामद

### कोतवाली पुलिस ने पकड़े वाहन चोर, वाहन जांच के दौरान कोतवाली पुलिस को मिली सफलता



**कटनी।** कोतवाली पुलिस को वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने व उनके कब्जे से चोरी की तीन मोटर सायकलों को बरामद करने में सफलता मिली है। आरोपियों के कब्जे से बरामद की गईं मोटर सायकलों की कीमत डेढ़ लाख रूपए बताई जा रही है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि शनिवार को रेल्वे कालोनी सिविल लाईन के पास एक व्यक्ति बिना नंबर की मोटर सायकल लिये खड़ा था। जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम राज चक्रवर्ती निवासी गढ्ढा टोला थाना रंगनाथ नगर बताया। साथ में लिए हुए बिना नंबर के वाहन के संबंध में पूछे जाने पर घबरा गया और वाहन को ले जाने लगा। स्टॉफ के द्वारा थाना लाकर वाहन के संबंध में पूछताछ करने पर चोरी का वाहन होना बताया। पूछताछ के दौरान राज ने बताया कि दोस्त सुमित वंशकार निवासी फारेस्टर वार्ड कटनी व देवेन्द्र चक्रवर्ती निवासी गढ्ढा टोला कटनी के साथ मिलकर पिछले 1 माह में दो अन्य मोटर सायकलें थाना माधवनगर क्षेत्र से चोरी किए हैं। जिसके बाद सुमित वंशकार व देवेन्द्र चक्रवर्ती के कब्जे से भी चोरी की 1-1 मोटर सायकल जप्त की गई तथा सूचना थाना माधवनगर को दी गई। उक्त गाड़ियों की चोरी के संबंध में पूर्व से थाना माधवनगर में अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस ने आरोपी राज चक्रवर्ती, सुमित वंशकार व देवेन्द्र चक्रवर्ती को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक बहादुर सिंह, कप्तान सिंह, विजय विश्वकर्मा( माधवनगर), प्रधान आरक्षक अनिल सेंगर, वीरेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र तिवारी, पुष्पराज सिंह, आरक्षक पलाश दुबे, अजय प्रताप सिंह, अंकित उईके, शुभराज सिंह की भूमिका रही।

## औद्योगिक श्रमिक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, श्रमधाम कैमोर

**पंजीयन क्रमांक DR/JBR/67 विकासखंड, विजयराघवगढ़**

आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयन सहकारी संस्थाएं मध्यप्रदेश भोपाल गृह निर्माण एवं संयुक्त आयुक्त सहकारिता जबलपुर संभाग के निर्देश तथा सहायक आयुक्त सहकारिता जिला कटनी के आदेशानुसार औद्योगिक श्रमिक ग्रह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित श्रमधाम के सभी सदस्यों से सम्बंधित जानकारी सोसायटी के पोर्टल पर अपलोड की जानी है अतः समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वे अपने आधार कार्ड एवं पैनकार्ड की एक-एक छायाप्रति एवं एक फोटो पासपोर्ट साइज 7 दिवस के भीतर समिति कार्यालय में जमा कराने का कष्ट करें।

**विशेष सूचना- सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि औद्योगिक श्रमिक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित श्रमधाम कैमोर की एक आवश्यक बैठक 10 अप्रैल दिन रविवार को सायं 5 बजे से श्रमधाम सेवा संस्थान कार्यालय में आयोजित है। बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।**

**अशोक त्रिपाठी**
**अध्यक्ष**
**औद्योगिक श्रमिक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, श्रमधाम कैमोर**

## किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए-
5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

From 1st April 2022

CINEWORLDZ CINEMA KATNI

Millal MALL



| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| The Kashmir Files | 12:00 PM | Morbius Hindi 2d | 10:00 AM | Attack | 10:00AM |
| Attack | 03:30 PM | RRR Hindi 3D | 12:10 PM | Attack | 12:30PM |
| RRR 2D | 6:00 PM | RRR Hindi 3D | 3:30 PM | The Kashmir Files | 3:00PM |
| Attack | 09:30 PM | Morbius Hindi 2d | 7:00 PM | The Kashmir Files | 6:15 PM |
| ........... | ......... | RRR Hindi 3D | 9:15 PM | RRR 2D | 9:45 PM |

Paytm
book my show

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

mgm HOSPITAL

एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।

आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM

एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

# माँ कालीधाम कोनिया,मां पूणेश्री दरबार बरही में मुरादें होगी पूरी

## चैत्र नवरात्र में 9 दिनों तक चलेगा धार्मिक कार्यक्रम





**बरही।** चैत्र नवरात्र 2 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। इस बार मां जगदंबा अश्व पर सवार होकर आएंगी और इस बार किसी भी तिथि का क्षय नहीं होने से माता का दरबार इस पूरे नौ दिन सजेगा। इस दौरान मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होगी। मां दुर्गा को सुख समृद्धि और धन की देवी माना जाता है। बरही के संदीप कालोनी में विराजी मां सिद्धदात्री पूर्णेश्वरी माता के दरवार के साथ ही मां बंजारी धाम दरवार में घट स्थापना के साथ ही 9 दिनों तक विविध धार्मिक आयोजन होंगे, तो वही



नवमीं के अवसर पर कन्या भोज, विशाल भंडारे, प्रसाद वितरण होगा। वही नगर के पुराने तालाब स्थित माता मढ़िया दरवार में पूरी आस्था, भक्तिभाव के साथ मां की आराधना का कार्यक्रम चलेगा। क्षेत्र के धार्मिक आस्था के केंद्र माँ काली धाम कोनिया दरबार में 9 दिनों तक भक्तों का तांता लगेगा, नवमी के अवसर पर यहां भी कन्याभोज, भंडारे के उपरांत जवारा विसर्जन जुलूस निकालकर 9 दिवसीय आयोजम का समापन होगा।

### अश्व में सवार होकर आएंगी मां जगदम्बा

बरही के ज्योतिषाचार्य पंडित रामदेव मिश्रा के अनुसार मां जगदंबा की आराधना से व्यापार में वृद्धिए घर में सुख-समृद्धि एवं शत्रुओं की पराजय होती है। सनातन धर्म में चैत्र नवरात्र का विशेष महत्व है। चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं। इस बार मां दुर्गा अश्व पर सवार होकर आएंगी। नवरात्र में कलश स्थापना एवं अखंड ज्योति का काफी महत्व है। प्रतिपदा पर सुबह 7.52 से 9.25 मिनट तक एवं दोपहर 12.06 से 12.25 मिनट तक कलश स्थापना व अखंड दीप प्रज्ज्वलन के लिए अति शुभ मुहूर्त है।





# सायना में मनाया गया हैप्पी वीक,बच्चों ने टेंट में बिताई रातें

**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल, कटनी अपने बच्चों का चतुर्दिक विकास करने के लिए संकल्पित है। इस कड़ी में विगत दिवस सायना के बच्चों को टेंट एक्टिविटी के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का मार्ग प्रशस्त किया गया। बच्चे सुबह योग कक्षाओं के बाद जलपान कर कम्प्यूटर, आर्ट-क्राफ्ट, पेंटिंग, कराटे, डांस, म्यूजिक, पोट्रीमेकिंग एवं नाट्य मंचन की कार्य शाला में सहभागिता की। बच्चों के लिए विशेष आकर्षण रायफल शूटिंग का अभ्यास व बिरुहली भ्रमण था। बिरुहली में बच्चों ने स्वीमिंग पुल ववाटर पार्क में खूब मजे किए। प्रतिदिन शाम को खेल के बाद बच्चे तैयार होकर मैदान के बीचों-बीच आग जलाकर कुछ बच्चे गीत-



संगीत की प्रस्तुतियाँ देते तो कुछ बच्चों द्वारा रात्रि भोज की तैयारी की जाती। यहाँ बच्चों में मौलिकता, कार्यकुशलता और जबावदारी का कौशल विकसित होता दिखा। सायना के प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार षर्मा, मि. जे. एस. के. लाल, दीपक बलयानी, श्रीमती पिंकी बलियानी, निखिल मेहता, श्रीमती शालू खुराना सहित अन्य शिक्षक भी बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए नियमित उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम के अवसर पर बच्चों ने अपने कौषल का प्रदर्षन करते हुए नाटक, गीत, नृत्य व कराटे का मंचन कर तालियाँ बटोरी। यह साप्ताहिक गतिविधि सचमुच में हैप्पी वीक के साथ बच्चों के लिए मधुर स्मृति बन गई।

# माता के जयकारे के साथ निकला जुलूस





**कटनी।** हिदु नव वर्ष विक्रम संवत 2079 चैत्र नवरात्रि के पहले दिन माता भगवती के पूजन पाठ की शुरूआत हो गई। सिविल लाइन स्थित कन्हैया तिवारी के घर पर यह आयोजन वृहद तरीके से किया जाता है जहां नौ देवियों की स्थापना की जाती है और बेहद धार्मिक तरीके से पूजन पाठ किया जाता है खास बात ये है कि इस आयोजन को कराने के लिए देश के अलग अलग जगहों से पंडित पुरोहित भी आते हैं। आज कार्यक्रम के शुरूआत में कन्हैया तिवारी और उनके साथी गण माता की मूर्ति लेने के लिए गाटर घाट पहुंचे जहां से एक विशाल जुलूस के जरिए गाजे बाजे के साथ माता की अगुवानी की गई। गाटर घाट से आजाद चौक झंडा बाजार मधई मंदिर होते हुए माता का जुलूस सिविल लाइन पहुंचा जहां भारी तादाद में लोगों ने माता का स्वागत किया। आपको बता दें कि पिछले दो साल से कोरोना के चलते आयोजन रद्द कर दिया गया था यही वजह थी कि दो साल बाद जब यह कार्यक्रम शुरू हुआ तो लोगों में भी गजब का उत्साह देखने को मिला। नौ दिन तक लगातार चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में हर रोज अलग अलग कलाकार भी माता के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचेंगे। खास बात ये कि इस बार एस्कॉन के श्रद्धालु भक्त भी कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे जो अपने आप में बेहद अनूठा कार्यक्रम होगा। इस मौके पर पं0 कन्हैया तिवारी ने सभी लोगों से अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा तादाद में लोग इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करें।




# आवारा मवेशी भेजे गए गौशाला

**कटनी।** नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दोपहर नगर के मुख्य मार्गो स्टेशन चौराहा, मिशन चौक आदि क्षेत्रों से में अभियान चलाकर 8 नग आवारा मवेशी पकड़े जाकर अमीर गंज गौशाला भेजे गए। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया की जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगम आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम की हाकां गैंग द्वारा रोजाना आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। आपने नगर के पशुपालकों से मवेशियों को निर्धारित स्थलों पर बांधकर रखने की अपील करते हुए कहा है कि आवारा विचरण करते पाये जानें पर पशुओं को बंद करनें की कार्यवाही की जावेगी जिसकी समस्त जवाबदारी पशुपालक की होगी।

# झूलेलाल सेवा समिति द्वारा श्रद्धाभाव से मनाया चेट्रीचंड्र

**कटनी।** स्थानीय झूलेलाल मंदिर, गुरूनानक वार्ड में झूलेलाल जन्मोत्सव चेट्रीचंड्र पर्व पर धार्मिक आयोजन में सर्वप्रथम भगवान श्री झूलेलाल जी की अखण्ड ज्योत प्रज्जवलित की गई, उसके पश्चात् श्री जी प्रभु को छप्पन भोग लगाकर मंगल कामना के साथ आरती तथा पल्लव का कार्यक्रम गीत-संगीत के साथ संपन्न हुआ। उक्त झूलेलाल सेवा



समिति के आयोजन के साथ आम भण्डारे तथा प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर 3 बजे बहराणे साहब की पूजा की गई, इस धार्मिक आयोजन में पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष मोहनलाल बत्रा, नेवंदराम खूबचंदानी, श्रीचंद भाटिया, अर चेतवानी, त्रिलोकचंद भोजवानी, अशोक रोहरा, जुगल किशोर पाण्डे, नारायणदास तीर्थानी, अशोक हासानी, मेघराज खूबचंदानी, पंकज आहूजा, सुनील हसीजा, सुरेश गांधी, नानकराम खूबचंदानी, सिंधु नौजवान मंडल के अध्यक्ष रवि पृथ्यानी, विपिन तनवानी, अशोक टोपनानी, महेश डोडानी, ईश्वर वाधवानी के अलावा महिला श्रद्धालुओं का भारी समूह उपस्थित रहा। इस अवसर पर समस्त सिंधी समाज को चेट्रीचंड्र की बधाई प्रेषित की गई।

## गाजीपुर 6 -2 एवं हैदराबाद 4-3 से रही विजयी

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी एवं जिला हॉकी संघ के तत्वाधान में फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में आयोजित हो रहे अखिल भारतीय गणतंत्र दिवस हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच में आज दो में संपन्न हुए। हॉकी संघ के सचिव सुधाकर चर्तुवेदी ने जानकारी देते हुए गताया कि आज का प्रथ प्रथम मैच करमपुर, गाजीपुर एवं उत्तराखंड की टीम के मध्य खेला




गया गाजीपुर की टीम के खिलाड़ियों ने उत्तराखंड की टीम पर शुरू से ही दबाव बनाकर रखा, जिसके परिणाम स्वरूप मैच के अंत में गाजीपुर की टीम 6-2 से विजई रही। मैच के एम्पायर जावेद खान, किशोर एवं फिरोज दाद भोपाल रहे। टेक्निकल टेबिल का प्रभार किशनलाल अहिरवार एवं संजीव चर्तुवेदी नें संभाला। आज का दूसरा मैच हैदराबाद एवं झांसी की टीम के मध्य संपन्न हुआ। निर्धारित समय तक दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया एवं बराबरी पर बनी रही। मैच के अंत में पेनल्टी स्ट्रोक के माध्यम से हैदराबाद की टीम 4-3 से विजई रही। दूसरे मैच के एम्पायर श्री आबिद खान भोपाल, लाल खान शाहजहांपुर रहे। टेक्निकल टेबिल का प्रभार किशनलाल अहिरवार एवं संजीव चर्तुवेदी नें संभाला। आयोजित मैच के दौरान क्षेत्रीय विधायक संदीप जायसवाल, नगर निगम पूर्व अध्यक्ष लोकनाथ गौतम, उद्योगपति मनीष गेई, राजीव चर्तुवेदी, प्रशांत डेविड सहित भारी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही।

# छात्रों ने प्रधानमंत्री से पूछे रोचक सवाल



**कटनी।** जन शिक्षण संस्थान में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन शिक्षण संस्थान कटनी परिसर सहित विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों स्लीमनाबाद, बहोरीबंद, बिलहरी, ईश्वरीपुरा वार्ड एवं राम मनोहर लोहिया वार्ड में आयोजित परीक्षा पे चर्चा वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा विभिन्न राज्यों के स्कूलों के बच्चों के द्वारा पूछे गए प्रश्न का रोचक जबाव देते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। इसमें विभिन्न कक्षा के बच्चों ने प्रधानमंत्री से अपने मन के प्रश्नों को पूछा और प्रधानमंत्री के द्वारा उन प्रश्नों के उत्तर बड़े ही विस्तृत ठंग से दिए गए। यह प्रोग्राम दूरदर्शन पर प्रातः 11:00 बजे से प्रारम्भ हुआ। इस कार्यक्रम में संस्थान की निदेशक श्रीमती लाली सिंह के निर्देशानुसार विभिन्न केन्द्रों में सीधा प्रसारण का लाभ लाभार्थियों के द्वारा लिया गया। कार्यक्रम में हेमन्त राज, सौरभ श्रीवास्तव, नित्यांशु गहरवार, सुधाकर सिंह, अखिलेश कुमार यादव एवं अनुदेशक श्रीमती सीता सोनी, नेहा अहिरवार, श्रीमती बबीता सिंह, रिचा खटीक, श्रीमती शकुन्तला केशरवानी, शिवानी केशरवानी, रिचा नायक, वर्षा गर्ग सराहनीय काम किया।

# पीएम आवास के लिये 384 करोड़ से अधिक की राशि आवंटित

**कटनी।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत स्वीकृत बीएलसी घटक परियोजनाओं में स्वीकृत आवासों के लिये कुल 384 करोड़ 38 लाख 13 हजार रूपये विभिन्न किश्तों के रूप में आवंटित किये गये हैं। मंत्री श्री सिंह ने कहा है कि आवंटित राशि का सदुपयोग कर आवासों का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाये। अपर आयुक्त-सह-मिशन संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास डॉ. सतेन्द्र सिंह ने जानकारी दी है कि एक लाख 26 हजार 59 आवासों के लिये पहली किश्त के रूप में 156 करोड़ 55 लाख 67 हजार रूपये, एक लाख 47 हजार 292 आवासों के लिये दूसरी किश्त के रूप में 70 करोड 97 लाख 21 हजार रूपये और तीसरी किश्त के रूप में एक लाख 17 हजार 750 आवासों के लिये 156 करोड़ 85 लाख 25 हजार रुपये की राशि जारी की गई है। आवासों का निर्माण प्रदेश की विभिन्न नगरीय निकायों में किया जा रहा है।

# नवरात्रि पर मंदिरों के आसपास कराई गई विशेष सफाई





## सर्वेक्षण के निर्धारित पैरामीटर्स अनुरूप किये गए स्वच्छता के प्रयास।



**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही चैत्र नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में निगम प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न प्रमुख देवी मंदिरों एवं देवालयों के आसपास विशेष साफसफाई एवं चूनें की लाईनिंग का कार्य पूर्ण कराया जाकर कीटनाशक दवा का छिडकाव किया गया। नवरात्रि पर्व एवं सर्वेक्षण के निर्धारित पैरामीटर्स अनुरूप नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु पहरूआ खेरमाई माता मंदिर, जालपा मंदिर, जगन्नाथ मंदिर से आजाद चौक, लखेरा स्थित बडी खेरमाई माता मंदिर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित आसमानी माता मंदिर, सहित नगर के अन्य मंदिरों के आस विशेष सफाई का कार्य कराया गया। विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पन्ना मोड, बस स्टेण्ड परिसर, मसुरहा घाट ब्राम्हण सत्संग भवन के पास, मोहन घाट, चांडक चौक प्वाइंट, तिलक राष्ट्रीय स्कूल के पास मलवे का उठाव कार्य, घंटाघर परिसर, झंडा बाजार, स्टेशन रोड, बरही रोड, मिशन चौक, थाना कोतवाली परिसर, जिला चिकित्सालय परिसर, माई नदी से खिरहनी फाटक ओव्हर ब्रिज, बस स्टेण्ड परिसर, जगमोहन दास वार्ड में वरूण भवन से राधास्वामी सत्संग भवन एवं डॉ ब्रम्हा जसूजा के घर के पास, सरस्वती स्कूल मार्ग, गिरजाघाट मैदान, स्टेट बेंक प्वाइंट, बी.डी.अग्रवाल वार्ड स्थित कोढी मोहल्ला, लखेरा मुख्य मार्ग, शिवाजी वार्ड एन.के.जे सब्जी मंडी, बरगवां मेन रोड, भट्टा मोहल्ला, बरगवां शमशान भूमि रोड, दुगाडी नाला, माधवनगर हास्पिटल, बाबा नारायण शाह वार्ड झूलेलाल मंदिर जुलूस मार्ग की सफाई एवं चूनें की लाईनिंग का कार्य कराया गया।

### डोर टू डोर संग्रहण के माध्यम से सुचारू सफाई के किये गए प्रयास

नगर के मुख्य मार्गो की सुंदरता को दृष्टिगत रखते हुए नदीपार सब्जी मंडी से पुरैनी, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, कार्यालय कलेक्ट्रेट मार्ग, तिलक कॉलेज मोड से एन.सी.सी आफिस तक मेन रोड के डिवाईडरों के दौनों ओर की सफाई का कार्य कराया गया। मुख्य एवं अन्य गलियों की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु बाबू जागजीवन राम वार्ड,सी.एल.पी पाठक वार्ड, फारेस्टर वार्ड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, बाबा नारायण शाह वार्ड, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित सूरी गली में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य के दौरान नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के संबंध में जानकारी प्रदान की जाकर कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रख निगम के कचरा वाहनों में ही कचरा देनें की अपील की गई।

### सुगम पानी निकासी हेतु विभिन्न नाले नालियों की कराई गई सफाई

सर्वेक्षण के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप नगर के विभिन्न नाले नालियों की सफाई व्यवस्था एवं सुगम पानी की निकासी हेतु नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न स्थलों के तहत लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित कुठला पुल के बाजू स्थित नाले की सफाई का कार्य, महात्मा गांधी वार्ड के विभिन्न मार्गो, जालपा देवी वार्ड स्थित पाठक गली एवं मुख्य मार्गो में मेन रोड की नालियों, जगमोहनदास वार्ड स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन, बी.डी अग्रवाल वार्ड के मुख्य मार्गो, वीर सावरकर वार्ड मुख्य मार्ग, कटनी विकास प्राधिकरण कार्यालय मुख्य मार्ग, माधवनगर गेट, भीमराव चौक जग्गी पान वाले के पास, कावस जी वार्ड गुडडन पेटी वाले के घर के पीछे एवं बारडोली कॉलेज के सामनें वाले बडे नाले, नगर के विभिन्न सुलभ काम्पलेक्सों की सफाई का कार्य किया गया।

## जालपा मढ़िया में हर दिन हो रहा मां का अनुपम श्रृंगार







नवरात्र पर आस्था के मंदिरों में शीश नवाने हर दिन भीड़ बढ़ रही है। कटनी की प्रसिद्ध जालपा मढ़िया में हर दिन माता जालपा, मां कालका, मां सरस्वती और मरही माता का अनुपम श्रृंगार देखते ही बनता है।

चाणक्य ब्राम्हण महासभा द्वारा सुभाष चौक में नवरात्र की बैठकी को महाआरती का भव्य आयोजन किया गया।

# तस्करी करते दो युवक गिरफ्तार ढाई लाख का गांजा बरामद

## मुखबिरों की सूचना पर कोतवाली पुलिस को मिली सफलता



**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने प्रतिबंधित गांजा की तस्करी करते दो युवकों को मुड़वारा रेलवे ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है। दोनों युवकों के पास से ढाई लाख रूपए कीमती 10 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि शनिवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 30-32 साल के दो युवक मुड़वारा रेल्वे ब्रिज के आसपास अवैध रूप से बिक्री के लिए मादक पदार्थ गांजा रखे हुए हैं तथा ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। मुड़वारा रेल्वे स्टेशन ओव्हर ब्रिज के पास चारों ओर से घेराबंदी करके मुखबिर के बताए हुलिए के संदेही व्यक्तियों की तलाश की गई। इस दौरान मुड़वारा स्टेशन ओव्हर ब्रिज के पास बताए गए हुलिया के दो युवक जो कि आर्मी प्रिंट का पिठ्ठू बैग का एक-एक छोर अपने एक-एक हाथ से पकड़े हुए थे। पुलिस को अपनी ओर आता देखकर एक व्यक्ति ने पिठ्ठू बैग का एक छोर छोड़ दिया, जिसे पहले ने संभालते हुये अपने कंधे पर रख लिया। दूसरे ने अपना थैला संभालते हुए दोनों मुड़वारा ओवर ब्रिज की ओर जाने लगे। जिन्हें आवाज लगाकर रोका गया। नाम पता पूंछने पर पहले व्यक्ति ने अपना नाम रीवा जिले के डभौरा क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय अर्जुन केवट हाल इन्द्रानगर थाना कुठला बताया। दूसरा 30 वर्षीय जयप्रकाश चौधरी निवासी मंडी रोड इन्द्रानगर थाना कुठला कटनी का होना बताया। तलाशी के दौरान गांजा के 7 पैकेट मिले। जिसमें ढाई लाख रूपए कीमती 10 किलो 300 ग्राम प्रतिबंधित गांजा भरा हुआ था। आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट की धारा 8, 20 के तहत कार्रवाई की गई है।

### इनकी रही भूमिका

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक नेहा मौर्य, सहायक उपनिरीक्षक विजय शंकर गिरी, कप्तान सिंह, प्रधान आरक्षक अनिल सेंगर, वीरेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र तिवारी, पुष्पराज सिंह, आरक्षक मंसूर हुसैन, दिनेश सेन, सोमनाथ कुर्मी, मयंक सिंह की भूमिका रही।

## रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर ट्राली जप्त

### विजयराघवगढ़ पुलिस की कार्रवाई

**कटनी।** रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर ट्रैक्टर ट्राली जप्त कर कार्रवाई जरूर की जा रही है। विजयराघवगढ़ पुलिस ने नदीपार क्षेत्र में दबिश देकर ट्रैक्टर ट्राली क्रमांक एम.पी.21एए-5456 को पकड़ा। जिसमें चोरी की रेत लोड थी और परिवहन की जा रही थी। रेत से संबंधित दस्तावेज मांगने पर चालक ने असमर्थता जाहिर की जिसके बाद पुलिस ने रेत सहित ट्रैक्टर ट्राली जप्त कर थाने में खड़े कराया। आरोपी चालक के विरूद्ध धारा 379, 21(1) खान खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## रंजिशन युवक से मारपीट

**कटनी।** रंजिश के चलते दो लोगों ने मिलकर युवक से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत पीड़ित द्वारा किए जाने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। मामला विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गुड़ेहा का है। जहां रंजिशन युवक से मारपीट की वारदात को अंजाम दिया गया। जानकारी अनुसार वंशीलाल साहू व रामचंद्र साहू ने एकराय होकर जगदीश प्रसाद साहू पिता किशोरी साहू से विवाद किया और मारपीट की। आरोपियों ने युवक को जान से मारने की धमकी भी दिया। पीड़ित ने थाने जाकर अपने साथ हुई ज्यादती की शिकायत दर्ज कराई। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

### कटनी-बीना रेलखंड में काम के चलते रेलवे का निर्णय

## परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनों का कटनी जंक्शन में अस्थाई ठहराव



### अप व डाउन दिशा में 5 मिनट का ठहराव लेंगी कामायनी, रेवांचल व अंबेडकर नगर एक्सप्रेस

**कटनी।** कटनी-बीना रेलखंड पर रेल लाइन तिहरीकरण कार्य के तहत मकरोनिया स्टेशन पर प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य की वजह से इस रेलखंड की कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है तो कुछ को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी न हो इसका भी ध्यान रेलवे द्वारा किया जा रहा है। रेलवे ने कटनी-बीना रेलखंड की बजाय परिवर्तित मार्ग इटारसी-जबलपुर-कटनी होकर चलने वाली तथा मुड़वारा स्टेशन में ठहराव लेने वाली तीन जोड़ी यात्री ट्रेनों का अस्थाई ठहराव कटनी जंक्शन में दिया जा रहा है। जिसमें रेवांचल एक्सप्रेस, रीवा-अंबेडकर नगर एक्सप्रेस व कामायनी एक्सप्रेस शामिल हैं। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 3 अप्रैल से 10 अप्रैल तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा रेवांचल एक्सप्रेस कटनी जंक्शन पर 4:35 बजे पहुंचेगी व 5 मिनट का ठहराव लेने के बाद 04:40 बजे रीवा के लिए रवाना होगी। वापसी में गाड़ी संख्या 12186 रीवा-रानी कमलापति एक्सप्रेस कटनी जंक्शन पर 22:30 पहुंचेगी और 5 मिनट का ठहराव लेने के बाद 22:35 बजे रानी कमलापति के लिए रवाना होगी। इसी प्रकार 3, 5 एवं 7 अप्रैल को गाड़ी संख्या 11703 रीवा-डॉ.अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस कटनी जंक्शन पर 01:55 बजे पहुंचेगी और 5 मिनट का ठहराव लेने के बाद 02 बजे रवाना होगी। वहीं 4, 6, 8 अप्रैल को गाड़ी संख्या 11704 डॉ. अम्बेडकर नगर-रीवा एक्सप्रेस कटनी जंक्शन पर 06:25 बजे पहुंचेगी और 5 मिनट का ठहराव लेने के बाद 06:30 बजे रवाना होगी। इसी तरह 3 से 10 अप्रैल तक गाड़ी संख्या 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-वाराणसी कामायनी एक्सप्रेस कटनी जंक्शन पर 10:15 बजे पहुंचेगी और 5 मिनट का ठहराव लेने के बाद 10:20 बजे रवाना होगी। वापसी में गाड़ी संख्या 11072 वाराणसी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस कामायनी एक्सप्रेस कटनी जंक्शन पर 00:25 बजे पहुंचेगी और 5 मिनट का ठहराव लेने के बाद 00:30 बजे आगें के लिए रवाना होगी।

## सिहोरा में मिली उमरियापान से लापता युवती

### पुलिस ने किया दस्तयाब

**कटनी।** उमरियापान थाना क्षेत्र के एक गांव से लापता हुई एक युवक को पुलिस ने शुक्रवार को सिहोरा थाना क्षेत्र से दस्तयाब किया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने युवती को उनके परिजनों के हवाले कर दिया है। उमरियापान थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के इटवा गांव की एक युवती गुरुवार को अचानक लापता हो गई थी। परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू किया। शुक्रवार को पुलिस ने युवती सिहोरा थाना क्षेत्र के मोसाम गांव से दस्तयाब किया।

### सूचना के बाद नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड, ग्रामीणों में आक्रोश

## डेढ़ एकड़ में लगी गेहूं की खड़ी फसल आग में जलकर खाक



**कटनी।** उमरियापान थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी में शार्ट सर्किट के चलते करीब डेढ़ एकड़ में खड़ी गेंहू की फसल में आग लग गई। आग लगने से सरपंच शिवसहाय मांझी और किसान सुखराम पटेल के खेत में लगी गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई। जिससे कि किसानों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ। खेत में आग जलता देख दोपहर में गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे और आग बुझाना शुरू किया। ग्रामीणों ने आगजनी की जानकारी पुलिस, राजस्व अधिकारियों के अलावा फायर ब्रिगेड को भी दी। पुलिस और राजस्व कर्मी घटना स्थल पर पहुंचे। सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड नहीं पहंची। ग्रामीणों ने एकजुट होकर कड़ी मशक्कत करते हुए आग बुझाई। अन्यथा आग की लपेटें इतनी तेज रही कि सैकड़ों एकड़ में लगी गेंहू की फसलें जलकर राख हो जाती। हल्का पटवारी महेन्द्र अलावा ने बताया कि मौके पर पहुंचकर नुकसानी पंचनामा कार्रवाई कर वरिष्ट अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजा गया है।


**REQUIRED**

Lord Mahavira English Med. School, Katni & Digamber Jain English/Hindi Med. H.S. School, Katni

Qualified trained Experienced Teacher are Invited For the Post of TGT ( All Subject ) PRT (All Subject)

Admission open LKG, UKG 1st to 9th

Address- Opposite SBI Main Branch , Katni (Special Priority to English Medium)

Cont. No. 6264915014, 6264915011

**आवश्यकता है**

लार्ड महावीरा अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं दिगम्बर जैन अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम उ.मा. विद्यालय, कटनी

हेतु शिक्षित, अनुभवी एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थी की आश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी निम्न पते पर आवेदन प्रस्तुत करें। योग्यता- स्नातक, स्नातकोत्तर एवं बी.एड. प्रशिक्षित।

प्रवेश प्रारंभ LKG, UKG 1st to 9th

पता- एस.बी.आई. मुख्य शाखा के सामने, कटनी (म.प्र.) (अंग्रेजी माध्यम को विशेष प्राथमिकता) संपर्क सूत्र- 6264915014, 6264915011



**PRE. REGISTRATION**

**साईंनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318


## रेत से भरा हाइवा पलटा , कोई हताहत नहीं

**कटनी।** उमरियापान थाना क्षेत्र के बम्हनी गांव में रेत से भरा एक हाइवा पलटा उसके बाद ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्वाल बाबा मोड़ पर भी रेत से भरा एक हाइवा चालक के हाथों अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक बाल बाल बचा, चालक को किसी प्रकार की चोटें नहीं आई। जानकारी के अनुसार रेत से भरा हाइवा खमतरा की तरफ से ढीमरखेड़ा की ओर आ रहा था। ग्वाल बाबा मोड़ पर चालक के हाथों हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे कि सड़क किनारे लगा लोहे का डिवाइडर भी क्षतिग्रस्त हो गया है।


JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668



आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स के साथ कटनी की प्रथम अति आधुनिक 32-96 स्लाइस 2021 मॉडल सीमन्स कम्पनी की मशीन



एडवांस्ड सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर

-32-96 स्लाइस की मशीन होने के कारण एक्सपोजर समय अत्यंत कम
-सी टी हेड 6 सेकेंड
-सी टी चेस्ट 20 सेकेंड, -सी टी एबडामन 30 सेकेंड, -कम एक्सपोजर कम रेडीयेशन

आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं

जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी

9893723087, 8319994375 फोन 07622-494511








पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009



**PRE. REGISTRATION** साईंनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)